කැලණිය විශ්වවිද්‍යාලය - ශ්‍රී ලංකාව

දුරස්ථ සහ අඛණ්ඩ අධ්‍යාපන කේන්ද්‍රය

ශාස්ත්‍රවේදී (සාමාන්‍ය) උපාධි තෙවන පරීක්ෂණය (බාහිර) - 2023
2026 ජනවාරි / පෙබරවාරි

මානවශාස්ත්‍ර පීඨය

හින්දි - HIND 38214

නූතන හින්දි ගද්‍ය සහ පද්‍ය (නියමිත)
MODERN HINDI PROSE & VERSE (SPECIFIED)

ප්‍රශ්න සංඛ්‍යාව ඃ 06 යි | කාලය ඃ පැය 03 යි

केवल पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्न संख्या 01 तथा 02 अनिवार्य हैं।

01. निम्नलिखित गद्यांशों में से **किन्हीं दो की** संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए। (16 अंक)

(क) "वह तो कितना गंदा बच्चा है! ऐसे गंदे बच्चों के साथ खेलने से छी–छी वाले हो जाते हैं। उसके साथ खेलने से जुएँ पड़ जाती हैं। वे कितने गंदे हैं, काले–काले धत्त! हमारी डौली कहीं काली है?"

(ख) "सुला देंगी उसी को। उसी को सुला देंगी जो मेरी आँखों का तारा है, चंदन। चंदन को सुला दूँगी सामली, चंदन को सुला देगी। उस नन्हे से लाल को हत्यारे की तलवार के नीचे रख देंगी।"

(ग) "बहन का रिश्ता दुनिया के सारे सुखों, दौलतों, ताकतों और सल्तनतों से बढ़कर है। मैं इस रिश्ते की इज्ज़त रखूँगा। सल्तनत जाए, पर मैं दूनिया को यह कहते नहीं सुनना चाहता कि मुसलमान बहन की इज्ज़त करना नहीं जानते। तख्त से उतरकर अगर किसी सच्ची बहन के दिल में जगह पा सकूँ, अपने आपको दुनिया का सबसे बड़ा खुशकिस्मत इंसान समझूँगा।"

(घ) "मौका हाथ में आ गया, सारा बल लगाकर पाटा उसने बिल्ली पर पटक दिया। कबरी न हिली, न डुली, न चीखी, न चिल्लायी, बस एकदम उलट गयी।"

02. निम्नलिखित पद्यांश की भावार्थ सहित व्याख्या कीजिए। (16 अंक)

हठ कर बैठा चाँद एक दिन, माता से यह बोला
सिलवा दो माँ मुझे ऊन का मोटा एक झिंगोला
सन–सन चलती हवा रात भर जाड़े से मरता हूँ
ठिठुर–ठिठुर कर किसी तरह यात्रा पूरी करता हूँ।

घटता–बढ़ता रोज़, किसी दिन ऐसा भी करता है
नहीं किसी की आँखों को तू दिखलाई पड़ता है।
अब तू ही यह बता, नाप तेरा किस रोज़ लिवाएँ
सी दें एक झिंगोला जो हर रोज़ बदन में आये!

03. कवयित्री महादेवी वर्मा की 'मुरझाया फूल' कविता में जीवन की यथार्थता के बारे में है। समझाइए। (16 अंक)

04. **'राखी का मूल्य'** एकांकी में 'राखी' के मूल्य का वर्णन है। सोदाहरण स्पष्ट कीजिए। (16 अंक)

05. **'आदमी का बच्चा'** कहानी में चित्रित डौली के चरित्र का परिचय दीजिए। (16 अंक)

06. **'दीपदान'** एकांकी या **'प्रायश्चित्त'** कहानी की कथा को अपनी हिंदी में लिखिए। (16 अंक)

****